हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 18 सितंबर 2026

04 राजस्व भूमि से 19 सागौन पेड़ कटे, एसडीएम ने दिए जांच के निर्देश...

07 जिले के अधिकांश क्षेत्रों में दूध की सप्लाई ठप, घरों में नहीं ...

खबर संक्षेप

सोमवार को सीहोर से निकलेगी बाबा रामदेव पैदल निशान यात्रा

सीहोर। क्षेत्र की सुख समृद्धि और मंगल कामना के लिए मंडी निवासी दिनेश राठौर द्वारा अपने निज निवास मंडी से श्री रुणिचा धाम इछावर तक बाबा रामदेव पैदल निशान यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समाजसेवी दिनेश राठौर ने बताया कि भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष तेजा दशमी सोमवार 21 अक्टूबर के शुभ अवसर पर मंडी सीहोर से सुबह 7 बजे विधिवत पूजा अर्चना कर यात्रा का श्रीगणेश किया जाएगा। यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए निकलेगी और रुणीचा धाम के कथावाचक गुरुदेव पंडित आनंद मोहन शुक्ला की उपस्थिति में धाम परिसर में ध्वजा चढ़ाई जाएगी।

आजाद कोटवार कर्मचारी संघ करेगा प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

सीहोर। मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के द्वारा 19 सितंबर शनिवार को मरी माता मंदिर काकड़ खेड़ा इछावर में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश स्तरीय कोटद्वार महासम्मेलन में कोटवारों से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ पदाधिकारियो सदस्यों कार्यकर्ताओं के साथ मंथन किया जाएगा। मध्य प्रदेश आजाद कोटवार संघ के जिला अध्यक्ष छगनलाल मालवीय ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरवीर सिंह यादव सम्मिलित होंगे। शासन प्रशासन से कोटवारों से जुड़ी लंबित मांगों को पूरा करने के लिए आगामी दिनों में किए जाने वाले धरना प्रदर्शन आंदोलन की रणनीति सम्मेलन में बनाई जाएगी। सम्मेलन में प्रदेश भर से आ रहे कोटवारों के बीच परिचय भी बढ़ाया जाएगा। प्रदेशभर के कोटवारों से जिला अध्यक्ष छगनलाल मालवीय, उपाध्यक्ष कालूराम मालवीय,राकेश मेहरा जिला, प्रचार मंत्री मुकेश मेहरा, जिला ब्लाक पदाधिकारी जितेन्द्र मालवीय, सुनिल भारती,गोविंद भारती आदि समस्त प्रदेश के कोटवारों से सम्मेलन में पहुंचने की अपील की है।

आयुक्त ने जारी किए आरोप-पत्र, बिना टेंडर चहेती फर्मों को बांटे 49.50 और 31.50 लाख, सत्यापन में खुली पोल

81 लाख का स्कूल मरम्मत घोटाला, दो विकासखंड शिक्षा अधिकारियों पर गिरेगी गाज, चार्जशीट जारी

दैनिक हरिभूमि में दिनांक 10 मई 2026 को प्रमुखता से इस विषय के संबंध में प्रकाशित न्यूज पर हुआ असर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खबर का असर

जिले में स्कूल मरम्मत के नाम पर 81 लाख के संगठित घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने दो विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के खिलाफ नियम 1966 के तहत विभागीय जांच बैठाते हुए चार्जशीट जारी की है।

केस-1: आष्टा में 49.50 लाख का फर्जीवाड़ा

आष्टा के 11 स्कूलों - लोरसकलां, मैना, सामरदा, पगारिया हाट, खामखेड़ा बैजनाथ, धुराड़ाकलां, जाफराबाद, खजूरिया कासम, फूडरा, हर्राजखेड़ी, रूपेटा के लिए 49.50 लाख आवंटित थे। तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी आष्टा प्रमोद कुशवाह ने ई-टेंडर नियम तोड़कर अबीर इंफ्रा सीहोर, एमएन इंटरप्राइजेज और अविनय इंटरप्राइजेज भोपाल से एक-एक कोटेशन लेकर काम बांट दिया। कई स्कूलों में प्राचार्य ने वर्क ऑर्डर खुद के नाम ही जारी कर दिया, न जावक नंबर न तारीख। बिना सत्यापन के 49.49 लाख का भुगतान कर दिया गया। वर्तमान में सहायक संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल पदस्थ हैं।



सीहोर-आष्टा के कई शासकीय स्कूलों में मरम्मत के नाम पर बड़ा खेल

भ्रष्टाचार की सेंध: बच्चों के हक के लाखों रुपए डकार गए जिम्मेदार

सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार इस राशि का उपयोग स्कूल भवनों की मरम्मत, रंगाई-पुताई, टपकती छतों को ठीक करने, शौचालयों के निर्माण, फर्श सुधार और दरवाजे-खिड़कियों को नया जीवन देने के लिए किया जाना था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कहते हैं शिक्षा का मंदिर वह स्थान है जहां भविष्य की नींव रखी जाती है, लेकिन जब इस मंदिर की दीवारों और छतों की मरम्मत की राशि ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाए तो सवाल व्यवस्था की नियत पर उठने लगते हैं। जिले के सीहोर ब्लॉक और आष्टा विधानसभा क्षेत्र में कुछ ऐसा ही मामला गरमाया हुआ है। यहां शासकीय स्कूलों में मरम्मत और कायाकल्प के नाम पर लाखों रुपयों का बंदरबांट किया गया है। आरोप है कि शासन द्वारा प्रत्येक स्कूल को लगभग 5.5 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि जारी की गई थी, लेकिन यह पैसा विद्यार्थियों की सुविधाओं में सुधार लाने के बजाय बिचौलियों और ठेकेदारों की जेबों में चला गया।

सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार इस राशि का उपयोग स्कूल भवनों की मरम्मत, रंगाई-पुताई, टपकती छतों को ठीक करने, शौचालयों के निर्माण, फर्श सुधार और दरवाजे-खिड़कियों को नया जीवन देने के लिए किया जाना था। उद्देश्य था कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों को प्राइवेट स्कूलों जैसा बेहतर वातावरण मिले। लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। जिन स्कूलों में काम का दावा किया गया है, वहां या तो काम बीच में ही छोड़ दिया गया है या फिर बेहद घटिया दर्जे की सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। कई स्कूलों में तो नई टाइल्स और पुताई कुछ ही दिनों में उखड़ने लगी है।

पूर्णता प्रमाण पत्र का 'जादू, बिना काम हुए भुगतान

इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू 'पूर्णता प्रमाण पत्र' का खेल है। नियमानुसार जब तक विभागीय इंजीनियर और सत्यापन टीम कार्य से संतुष्ट न हो जाए तब तक राशि का अंतिम भुगतान नहीं किया जा सकता। लेकिन यहां आश्चर्यजनक रूप से आधे-अधूरे और विवादित कार्यों को भी 'पूर्ण' दिखा दिया गया। फर्जी तरीके से पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए। शासकीय कोष से लाखों रुपये की पूरी राशि निकाल ली गई। इससे यह साबित होता है कि यह केवल ठेकेदारों की मनमानी नहीं है, बल्कि विभाग के भीतर बैठे कुछ सफेदपोशों का भी उन्हें खुला संरक्षण प्राप्त है।

हरिभूमि पड़ताल

शिक्षकों और प्राचार्यों का छलका दर्द

स्कूलों के प्रबंधन और शिक्षकों ने इस कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। शासकीय हाईस्कूल खामखेड़ा बैजनाथ के प्राचार्य केएल मालवीय ने बताया कि ठेकेदार ने स्कूल की जरूरतों और शिक्षकों की मांग को पूरी तरह अनसुना कर दिया। उन्होंने कहा हमारे स्कूल में अपनी मर्जी से थोड़ा सा कोटा स्टोन लगाकर खानापूर्ति कर दी गई। न तो टीनशेड लगाया गया और न ही टाइल्स का काम पूरा हुआ। काम पूरी तरह अधूरा पड़ा है और कोई सुनने वाला नहीं है। शिक्षकों का यह भी आरोप है कि पूरे निर्माण कार्य के दौरान किसी भी विभागीय इंजीनियर ने मौके पर आकर निरीक्षण नहीं किया। ठेकेदार अपनी मर्जी से घटिया काम करते रहे और अधिकारी दफ्तरों में बैठकर फाइलों पर मुहर लगाते रहे।

जांच टीम भी रह गई दंग

शिक्षा विभाग द्वारा जब शिकायतों के बाद एक भौतिक सत्यापन टीम भेजी गई तो वहां मौजूद सहायक यंत्री और एसीपीसी भी कार्यों की स्थिति देखकर संतुष्ट नजर नहीं आए। टीम ने स्पष्ट पाया कि काम गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरते। बावजूद इसके भुगतान हो जाना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल है।

राजनीतिक-प्रशासनिक मिलीभगत के आरोप

स्थानीय लोगों और शिक्षकों का कहना है कि बच्चों के भविष्य के साथ यह खिलवाड़ बिना राजनीतिक और प्रशासनिक सांठगांठ के मुमकिन नहीं है। लाखों रुपये जो स्कूलों की छतों को दुरुस्त करने के लिए थे, वे अब कमीशनबाजी की भेंट चढ़ चुके हैं।

कार्रवाई की जाएगी

इस मामले को लेकर ऊपर से जांच के आदेश प्राप्त हुए थे। हमने डीपीसी के सहायक यंत्री को पत्र लिखकर मूल्यांकन और तकनीकी जांच के निर्देश दिए है। जांच रिपोर्ट में जो भी तथ्य और खामियां सामने आएंगी, उसके आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

संजय सिंह तोमर, डीईओ सीहोर

केस-2: सीहोर में 31.50 लाख की बंदरबांट

सीहोर ब्लॉक के 7 स्कूलों - संग्रामपुर, पीएम श्री श्यामपुर, गुडभेला, बरखेड़ी, जताखेड़ा, मोगराराम और मुस्करा के लिए 31.50 लाख जारी हुए थे। तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीहोर दीपा कीर ने भी खुली निविदा नहीं बुलाई और सांठगांठ कर उन्हीं तीन फर्मों को बाजार दर से कई गुना अधिक दर पर काम सौंप दिया। वर्तमान में शाजापुर जिला शिक्षा अधिकारी पदस्थ हैं।



सत्यापन रिपोर्ट में घोटाले की कलई खुली

संयुक्त टीम की रिपोर्ट में - खजूरिया कासम में मरम्मत की जरूरत ही नहीं फिर भी 4.49 लाख का बिल, मोगराराम में नया भवन फिर भी भुगतान, हर्राजखेड़ी व फूडरा में काम असंतोषजनक और जताखेड़ा व संग्रामपुर में टीनशेड के नाम पर कागजी खानापूर्ति का उल्लेख है। दोनों अधिकारियों पर आचरण नियम 1965 के उल्लंघन का आरोप है। 18 प्राचार्यों और तकनीकी अधिकारियों को गवाह बनाया गया है।

होटल रेडिएंट की रसोई पर खाद्य विभाग का छापा, दो दिन पुरानी ग्रेवी मिली

बेसन, कॉर्न स्टार्च, नमक के सैंपल लिए, फ्रीजर और पानी की जांच, 14 दिन में मांगे फिटनेस सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

चौपाल सागर के पास स्थित होटल रेडिएंट की रसोई में खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी में 1-2 दिन पुरानी ग्रेवी मिलने से हड़कंप मच गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलिन पन्ना के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में ग्रेवी, बेसन, कॉर्न स्टार्च और नमक के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं।

निरीक्षण में सामने आया कि रसोई में पहले से तैयार ग्रेवी रखी थी, जिसे स्टाफ ने खुद 1-2 दिन पुरानी बताया। टीम ने सिर्फ सैंपल ही नहीं लिए, पूरी रसोई की स्वच्छता, खाद्य भंडारण और रखरखाव की भी जांच की। फ्रीजर में खुले में रखी खाद्य सामग्री पर आपत्ति जताते हुए ढककर और अलग-अलग रखने के निर्देश दिए गए।

विभाग ने होटल प्रबंधन से भोजन में इस्तेमाल होने वाले पानी की वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट और रसोई स्टाफ के मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट भी तलब किए हैं। संचालक ने 10 से 14 दिन में दस्तावेज पेश करने का समय मांगा है।

जिले में लगातार कार्रवाई से हड़कंप

यह कार्रवाई आष्टा के नाना घर रिजॉर्ट में एक्सपायरी पापड़ और चावल में कीड़े मिलने के कुछ दिन बाद हुई है। उस दौरान टीम ने न्यू मनोज रेस्टोरेंट से भाजीबड़ा-कचौड़ी, राधा रानी रिजॉर्ट से दाल-चावल और ओम शिवम किराना स्टोर से रोस्टेड चने के सैंपल लिए थे। इससे पहले गणेश मंदिर के प्रसाद भंडारों पर भी कार्रवाई हुई थी। राधे-राधे भंडार पर बासी लड्डू नष्ट कराए गए और बार-बार इस्तेमाल हो रहा तेल फिंकवाया गया था।

खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी नमूनों की रिपोर्ट राजकीय खाद्य प्रयोगशाला से आने के बाद मानक उल्लंघन पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लगातार छापों से जिले के होटल-रिजॉर्ट संचालकों में हलचल है।

एनसीईआरटी शोध के तहत मार्गदर्शन और परामर्श पर किया सर्वेक्षण

सीहोर। दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), नई दिल्ली के भारत के विद्यालयों में मार्गदर्शन एवं परामर्श की प्रथाएँ एक स्थिति अध्ययन के अंतर्गत साक्षात्कार एवं सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के अध्यक्ष अधिवक्ता जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन एवं विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों डॉ. नवीन कुमार मोक्टा सहायक प्राध्यापक, डॉ. नेहा रानी एसआरए, डॉ. अनिता बड़गुर्जर प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डॉ. मंगलेश जायसवाल व्याख्याता, बीएस ठाकुर एवं योगिता लोधी का विद्यालय बैंड दल के साथ स्वागत किया गया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया।

स्वागत भाषण में संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन ने शोध दल का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मार्गदर्शन एवं परामर्श के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यालय की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। शोध दल द्वारा प्राचार्य, विद्यालय परामर्शदाता, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के साथ समूह चर्चा की गई।

इस दौरान विद्यालय में मार्गदर्शन एवं परामर्श से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की गई तथा सर्वेक्षण किया गया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण, लक्ष्य निर्धारण, भविष्य की योजना एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित मार्गदर्शन दिया तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रश्नों के उत्तर दिए।

प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने शोध दल के साथ अपने विचार साझा किए तथा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं परामर्श से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। विद्यालय परामर्शदाता बूसी रोबी ने सीहोर जिले से दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल का एनसीईआरटी के राष्ट्रीय स्तर के शोध कार्यक्रम के लिए उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में चयन किए जाने पर आभार व्यक्त किया।

उन्होंने शोध दल का धन्यवाद करते हुए इस अवसर को विद्यालय के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने एनसीईआरटी के शोध दल का विद्यालय में आगमन एवं विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ उपयोगी संवाद के लिए आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका साक्षी गोगिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी

स्वामित्व अधिकार अभिलेख के निशुल्क पंजीयन का शुभारंभ

सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में 50 लाख से अधिक नागरिकों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में स्वामित्व अधिकार अभिलेख के निःशुल्क पंजीयन की प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इंदौर से स्वामित्व अधिकार पत्र के निशुल्क पंजीयन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस पहल के माध्यम से प्रदेश में 50 लाख से अधिक नागरिकों को उनकी भूमि एवं भवन संबंधी स्वामित्व अधिकार पत्र के निशुल्क पंजीयन का लाभ मिलेगा।

प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में भी स्वामित्व अधिकार पत्र के निशुल्क पंजीयन का शुभारंभ किया गया। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पटवारी एवं संबंधित शासकीय सेवक उपस्थित रहे और हितग्राहियों की ई-केवाईसी सहित आवश्यक कार्यवाही पूरी कराई। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित गतिविधियों के दौरान हितग्राहियों को स्वामित्व अधिकार पत्र के पंजीयन की प्रक्रिया एवं इससे मिलने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई। स्वामित्व अधिकार पत्र के निशुल्क पंजीयन की सुविधा मिलने से ग्रामीण परिवारों में खुशी का माहौल है।

ग्राम लसूडिया परिहार निवासी राजेश, विजय सिंह, रामदयाल, जगन्नाथ कुमार सहित ने कहा कि वर्षों से जिस भूमि और भवन पर उनका उपयोग एवं अधिकार रहा है, उसका विधिवत दस्तावेज उपलब्ध होने से अब उनकी संपत्ति को कानूनी आधार मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामित्व अधिकार पत्र मिलने से उनकी संपत्ति अब अधिक उपयोगी और सुरक्षित हो सकेगी।

अनेक हितग्राहियों ने बताया कि भूमि एवं भवन की रजिस्ट्री होने के बाद आवश्यकता पड़ने पर वे अपनी संपत्ति का उपयोग बैंक से ऋण प्राप्त करने के लिए कर सकेंगे। इससे परिवार को आर्थिक जरूरतों के समय सहारा मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में बच्चों की शिक्षा, घर की आवश्यकताओं अथवा छोटे स्तर पर व्यवसाय शुरू करने के लिए धन की आवश्यकता होती है, तो स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज महत्वपूर्ण आधार बन सकेंगे। इससे ग्रामीण परिवारों को आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने और अपनी आजीविका को मजबूत करने के अवसर भी मिलेंगे। हितग्राहियों ने कहा कि संपत्ति का विधिवत दस्तावेज उनके लिए केवल कागज का प्रमाण नहीं, बल्कि वर्षों से उपयोग की जा रही भूमि और भवन पर उनके अधिकार की पुष्टि है। स्वामित्व का दस्तावेज उपलब्ध होने से संपत्ति के संबंध में भविष्य में होने वाली कठिनाइयों को कम करने में भी मदद मिलेगी। ग्रामीण परिवारों ने इस सुविधा को अपने लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि निशुल्क पंजीयन से उन पर अतिरिक्त आर्थिक भार भी नहीं आएगा।

स्वामित्व अधिकार पत्र की निशुल्क रजिस्ट्रीकरण की यह पहल ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का विधिवत अधिकार उपलब्ध कराने के साथ उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों का व्यवस्थित अभिलेखीकरण होगा और नागरिक अपनी संपत्ति का उपयोग विभिन्न आर्थिक आवश्यकताओं के लिए अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। सीहोर जिले की ग्राम पंचायतों में शासकीय अमले की उपस्थिति में आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है तथा हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने का कार्य किया जा रहा है।

आंगनबाड़ी से ही होती है बच्चों के स्कूल जाने की नींव मजबूत: अरुणा राय

विधायक ने किया पोषण आहार कौशल प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा राय द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा गुरुवार को सुंदर गार्डन में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत आयोजित कौशल प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी ज्ञानेश्वर खरे परियोजना अधिकारी भगवती मालवीय पर्यवेक्षक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं हितग्राही महिलाएं बच्चे उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में परियोजना विकासखंड अंतर्गत आने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा पोषण आहार रेसिपी के स्टॉल लगाए गए। आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं के द्वारा बनाए जाने वाली विभिन्न सामग्रियों को भी प्रदर्शनी में रखा गया।

विधायक सुदेश राय और समाजसेवीका अरुणा राय ने सेल्फी पॉइंट में फोटो लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने महिलाओं के द्वारा प्रस्तुत कौशल की प्रशंसा की और आगे बढ़ाने संभव मदद करने का भरोसा दिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा संकल्प अभियान युवा संवाद के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास संकल्प को सार्थक कर दिया है। महिला बाल विकास विभाग परियोजना सीहोर का प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और महिलाओं को मार्गदर्शन देते हुए समाजसेविका अरुणा राय ने कहां की आंगनबाड़ी केंद्र से ही बच्चों के स्कूल जाने की नींव मजबूत होती है यहीं पर अगर उन्हें सही पोषण आहार मिल जाता है तो बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास तीव्र गति से होता है। आंगनबाड़ियों में बच्चों को पर्याप्त पोषण और प्रारंभिक देखभाल से ही बच्चों के मस्तिष्क का सही विकास हो सकता है और संतुलित आहार से सही विकास बेहतर शिक्षा स्वास्थ्य भविष्य को उज्ज्वल बना देता है। श्रीमती राय ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रस्तुत की गई पोषक रेसिपी बच्चों के लिए लाभदायक सिद्ध होंगी।

खबर संक्षेप



आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा जब्त की

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर ने बताया कि जिला आबकारी बल के सहयोग से वृत्त आष्टा मैना ग्राम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा एवं आबकारी दल द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 3 प्रकरण कायम किए गए। कार्रवाई के दौरान 40 पाव देशी मदिरा जब्त किया गया, इसी प्रकार ग्राम डोडी में तालाब के किनारे से 15 लीटर कच्ची मदिरा एवं 120 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर 01 प्रकरण तथा शाजापुर रोड हकीमाबाद से 10 पाव देशी मदिरा जब्त कर 1 प्रकरण कायम किया गया। इसी प्रकार वृत भैरूंदा मे आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुण्डल एवं आबकारी टीम द्वारा दबिश दी जाकर 41 पाव देशी मदिरा जब्त कर 3 प्रकरण कायम किया गया साथ ही वृत सीहोर में जमोनिया रोड रायपुरा में 10 पाव जब्त कर 1 प्रकरण कायम किया गया। इस प्रकार कुल 09 प्रकरण कायम कर 101 पाव देशी मदिरा, 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 120 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 23 हजार रुपये है। प्रकरणों को मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 तहत विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा तथा संगीता नायक, आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुण्डल एवं जिला आबकारी दल का सराहनीय योगदान रहा। अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

हिंदी पखवाड़े के तहत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

सीहोर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीहोर में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न साहित्यिक एवं भाषायी प्रतियोगिताओं का उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों की भाषायी क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए वाद-विवाद, आशुभाषण, कविता-पाठ तथा हिंदी व्याकरण पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक पहचान और अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है।

नीमोटा में मुख्य मार्ग किनारे सरकारी जमीन पर लगे पेड़ काटने का मामला

राजस्व भूमि से 19 सागौन पेड़ कटे, एसडीएम ने दिए जांच के निर्देश, 5 क्विंटल लकड़ी जब्त

राजस्व अमले के निरीक्षण में मौके पर 19 सागौन के पेड़ कटे मिले हैं। हालांकि पेड़ों के मोटे और उपयोगी तने मौके पर नहीं मिले। सिर्फ शाखाएं और कटे हुए लकड़ी के अवशेष ही मिले हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत नीमोटा में श्यामपुर-नीमोटा मुख्य मार्ग से लगी शासकीय राजस्व भूमि से सागौन के 19 पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद भैरुंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह के निर्देश पर राजस्व अमला बुधवार शाम करीब 4.30 बजे मौके पर पहुंचा। नायब तहसीलदार रामदास गोरले के नेतृत्व में टीम ने मौके का निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार किया। इस दौरान काटे गए पेड़ों की शाखाएं और लकड़ी के अवशेष मौके पर मिले। टीम ने करीब 5 क्विंटल शेष लकड़ी जब्त कर श्यामपुर स्थित वन विभाग की चौकी पर सुरक्षित रखवा दी है। एसडीएम ने पेड़ कटाई के साथ ही सरकारी जमीन से मुरम और मिट्टी निकाले जाने की शिकायत की जांच के भी निर्देश दिए हैं।

राजस्व अमले के निरीक्षण में मौके पर 19 सागौन के पेड़ कटे मिले हैं। हालांकि पेड़ों के मोटे और उपयोगी तने मौके पर नहीं मिले। सिर्फ शाखाएं और कटे हुए लकड़ी के अवशेष ही मिले हैं। ऐसे में अधिकारियों द्वारा यह भी पता लगाया जा रहा है कि कटाई के बाद पेड़ों की लकड़ी कहां गई। ग्रामीणों की ओर से पेड़ों के मोटे तनों को सिल्लियों में काटकर ले जाने की आशंका जताई जा रही है, लेकिन इसकी अभी विभागीय स्तर पर पुष्टि नहीं हुई है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि लकड़ी मौके से कब और किस माध्यम से हटाई गई।

देर रात में मशीन से पेड़ों की कटाई की आशंका :ग्रामीणों के अनुसार सरकारी जमीन पर खड़े सागौन के पेड़ों की कटाई देर रात के समय आरी मशीन से किए जाने की आशंका है। मुख्य मार्ग किनारे एक साथ कई पेड़ों की कटाई सामने आने के बाद ग्रामीणों ने बन विभाग के द्वारा क्षेत्र की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। हालांकि जांच पूरी होने से पहले किसी व्यक्ति या समूह को पेड़ कटाई के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है। राजस्व विभाग द्वारा मौके की स्थिति और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है।

मुरुम खुदाई की शिकायत भी जांच में :इसी शासकीय भूमि की पहाड़ी से पिछले वर्ष मुरुम और मिट्टी निकाले जाने की शिकायत भी सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि जेसीबी और पोकलेन मशीनों से पहाड़ी की खुदाई कर बड़ी मात्रा में मुरुम निकाली गई और डंपरों के माध्यम से इसे क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों में भेजा गया। ग्रामीणों ने प्रति डंपर 200 से 300 रुपए लिए जाने के आरोप भी लगाए हैं। इन आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। राजस्व विभाग अब यह पता लगाएगा कि सरकारी भूमि से कितना उत्खनन हुआ और इसके लिए अनुमति थी या नहीं।

लाड़कुई वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाशचंद्र उइके ने बताया कि नीमोटा-श्यामपुर क्षेत्र की संबंधित जमीन राजस्व विभाग के अंतर्गत आती है। मामले की जानकारी पटवारी से ली जाएगी। जमीन की स्थिति और पेड़ कटाई के संबंध में राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नायब तहसीलदार रामदास गोरले ने बताया कि सूचना मिलने के बाद राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार किया है। मौके से करीब पांच क्विंटल कटी हुई लकड़ी जब्त की गई है, जिसे श्यामपुर स्थित वन विभाग के नाके पर सुरक्षित रखवाया गया है। प्रारंभिक जांच में कुल 19 सागौन के पेड़ कटे मिले हैं। उन्होंने बताया कि भूमि राजस्व विभाग की है। सड़क किनारे आगे का कुछ हिस्सा नीमोटा निवासी सुरेंद्र सिंह राजपूत के कब्जे में होने की जानकारी मिली है क्रमांक 11नंबर खसरा है, पेड़ कटाई और अवैध उत्खनन दोनों मामलों की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

वन विभाग के नाके पर भी उठे निगरानी पर सवाल

घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर श्यामपुर में वन विभाग की चौकी है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि मुख्य मार्ग किनारे सरकारी जमीन से रात में इतने पेड़ों की कटाई के बावजूद इसकी जानकारी निगरानी तंत्र को क्यों नहीं लगी। हालांकि संबंधित भूमि राजस्व विभाग के अधीन बताई जा रही है, इसलिए पेड़ कटाई की प्राथमिक जांच राजस्व अमले द्वारा की जा रही है।

जांच के बाद होगी कार्रवाई

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शासकीय राजस्व भूमि पर 19 सागौन के पेड़ कटे पाए गए हैं। मौके से मिली लकड़ी को जब्त कर सुरक्षित रखवाया गया है। पेड़ कटाई के अलावा सरकारी भूमि से मुरम और मिट्टी निकाले जाने की शिकायत की भी जांच कराई जा रही है। संबंधित अधिकारियों को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर आयोजित

जिला चिकित्सालय सीहोर और भैरूंदा के शासकीय अस्पताल में नागरिकों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जिले में सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा एवं जनभागीदारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय सीहोर तथा भैरूंदा स्थित शासकीय अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में अनेक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान किया और मानव सेवा का संदेश दिया।

रक्तदान करने वाले गगन नामदेव, प्रीतेष राठौर तथा प्रबल सहित अनेक नागरिकों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान करना उनके लिए विशेष अनुभव है। उन्होंने कहा कि आज का दिन उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा और यह अवसर उन्हें भविष्य में रक्तदान करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। रक्तदान के माध्यम से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाने में योगदान देना समाज सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना, प्रसव, गंभीर बीमारी, ऑपरेशन अथवा अन्य चिकित्सकीय परिस्थितियों में मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ सकती है। ऐसे समय में रक्त की उपलब्धता किसी व्यक्ति के लिए जीवन रक्षक साबित हो सकती है। नियमित स्वैच्छिक रक्तदान से अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है। शिविर में रक्तदान करने वाले नागरिकों ने अन्य लोगों से भी रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी अनजान जरूरतमंद के जीवन में नई उम्मीद पैदा कर सकता है। रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना सामूहिक जिम्मेदारी है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इन रक्तदान शिविरों ने सेवा, संवेदना और जनभागीदारी का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नागरिकों ने रक्तदान के माध्यम से मानव सेवा के संकल्प को मजबूत किया। रक्तदान जीवनदान है, इस भावना के साथ नागरिकों ने जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने का संकल्प व्यक्त किया।

जिला चिकित्सालय सीहोर में आयोजित रक्तदान शिविर में सीहोर विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीता राम यादव , नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया तथा रक्तदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी। शिविर में नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य को सार्थक किया। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता, सुदीप प्रजापति तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर डेहरिया, सिविल सर्जन डॉ यू.के श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

खनिज विभाग ने 2 पनडुब्बी मशीन व 7 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ीं, राजस्व अमले ने अलग से 7 ट्रैक्टर जब्त किए

भैरूंदा। नर्मदा नदी में अवैध रेत खनन और परिवहन को लेकरखनिज और राजस्व विभाग ने अलग-अलग कार्रवाई की। दोनों विभागों की कार्रवाई का क्षेत्र और कारण अलग रहा। खनिज विभाग ने अवैध रेत खनन और परिवहन के मामलों में कार्रवाई की, जबकि राजस्व विभाग ने लोदाबढ़ क्षेत्र में विगत दिनों रात के समय रेत से भरे वाहनों की आवाजाही की शिकायतों के बाद निगरानी कर कार्रवाई की। खनिज विभाग की कार्रवाई में दो पांडुब्बी मशीनें और सात ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गईं, जबकि राजस्व विभाग ने अलग से सात ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ीं।

खनिज विभाग की कार्रवाई खनन और परिवहन पर केंद्रित रही: तिगाली क्षेत्र में बुधवार को नर्मदा नदी के अंदर पांडुब्बी मशीनों से रेत निकाले जाने की सूचना खनिज विभाग को मिल रही थी। सूचना मिलने के बाद खनिज अधिकारी एचपी सिंह और राजकुमार बराठे के नेतृत्व में टीम तिगाली पहुंची। मौके पर जांच के दौरान नदी के अंदर रेत खनन में इस्तेमाल की जा रही दो पांडुब्बी मशीनें मिलीं। टीम ने दोनों मशीनों को जब्त कर लिया। जब्त मशीनों को आगे की कार्रवाई के लिए भैरूंदा थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। खनिज विभाग द्वारा मशीनों के संबंध में नियमानुसार प्रकरण तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा खनिज विभाग ने विगत दिनों जिले के अलग-अलग स्थानों पर अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सात ट्रैक्टर-ट्रॉलियां भी जब्त की हैं। विभाग द्वारा इन वाहनों में भरी रेत और परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे ने बताया कि जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है।

राजस्व विभाग की कार्रवाई रात में परिवहन की शिकायत पर हुई: दूसरी ओर लोदाबढ़ क्षेत्र में राजस्व विभाग ने बीते दिनों देर रात में रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही कीग्रामीणों की शिकायतों के बाद अलग से कार्रवाई की। ग्रामीणों से लगातार रात में रेत से भरे वाहनों के आने-जाने की शिकायतें मिलने के बाद राजस्व अमले ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई थी। इसी दौरान तहसीलदार सौरभ शर्मा और नायब तहसीलदार रामदास गोरले के नेतृत्व में राजस्व टीम ने देर रात लोदाबढ़ के पास घेराबंदी की। टीम ने रेत से भरी सात ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ लीं। सभी वाहनों को कार्रवाई के बाद लाड़कुई कृषि उपज मंडी में खड़ा कराया गया है। राजस्व अमला अब वाहनों और उनमें भरी रेत से संबंधित जानकारी की जांच कर रहा है। दस्तावेज और अन्य जानकारी की जांच के बाद नियमानुसार प्रकरण तैयार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। नायब तहसीलदार रामदास गोरले ने बताया कि लोदाबढ़ क्षेत्र से रेत से भरी सात ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गई हैं और सभी वाहनों को लाड़कुई कृषि उपज मंडी में रखा गया है। कार्रवाई के दौरान कुछ अन्य वाहन चालकों द्वारा टीम की भनक लगने पर रास्ते में ही रेत खाली कर मौके से निकलने की चर्चा भी सामने आई है। हालांकि इसकी पुष्टि विभागीय जांच के बाद ही हो सकेगी।

जनपद पंचायत में हुई बैठक विधायक सुदेश राय ने दी लोगों को समझाइश

न गलत काम करता हूं न गलत काम करने दूंगा : विधायक

सीहोर। जनपद पंचायत सभागार में बुधवार को आयोजित बैठक में विधायक सुदेश राय एक्शन में दिखाई दिए उन्होंने कहा की ना में कोई गलत काम करता हूं और ना अपनी विधानसभा क्षेत्र में किसी को गलत काम करने दूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर आयोजित बैठक में एसडीएम तन्मय वर्मा सहित सीहोर श्यामपुर दोराहा के तहसीलदार जनपद अध्यक्ष सदस्य सरपंच सचिव पटवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

विधायक सुदेश राय ने सख्त लिहाजा में कहा कि तहसीलदार पटवारी और सचिव पत्र गरीबों के बीपीएल कार्ड बनाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करें। हाल ही में अतिवृत्ति से खराब हुई फसलों का पटवारी खेतों में पहुंचकर शीघ्र आकलन कर सर्व करें और किसानों को पर्याप्त मुआवजा सहित बीमा राशि उपलब्ध कराए। किसी भी स्थिति में नागरिकों के सरकारी कामों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान विधायक सुदेश राय ने कहा कि जनता की सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है । हर जरूरतमंद गरीब को राशन मिलना चाहिए आंगनबाड़ियों में बच्चों को पोषण आहार मेनू के अनुसार वितरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस हमें सेवा स्वच्छता के रूप में मानना है। ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव को अपने क्षेत्र में स्वच्छता बनने पर ध्यान देना चाहिए सड़कों पर जहां-जहां लगे कूड़े के ढेरो को तत्काल साफ कराए।

विधायक सुदेश राय ने गुरुवार को होने वाले आशीर्वाद का दीप कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कहां की विधानसभा क्षेत्र की हर ग्राम पंचायत के हर एक गांव में हर एक घर पर की शाम दीप जलाना है मोदी के जन्म दिवस को महोत्सव और सेवा दिवस के रूप में हम सबको मानना है। सेवा के 25 वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में आम जनता को भी भागीदार बनना है।

---

71 फीट के रावण के साथ कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का होगा दहन

छावनी दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में धूमधाम से मनाया जाएगा विजयदशमी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस वर्ष भी छावनी दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में विजयदशमी का पर्व आस्था, उत्साह और उमंग के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। दशहरा उत्सव की तैयारियों का शुभारंभ बुधवार को शहर के बाल विहार मैदान पर विधि-विधान से भूमि पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधु-संत, समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। भूमि पूजन का आयोजन शहर के प्राचीन श्री हंसदास मठ के महंत हरिरामदास महाराज के मार्गदर्शन में किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा तथा समिति अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद आशीष गहलोत ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर आगामी दशहरा उत्सव की सफलता की कामना की।

भगवान श्रीराम ने दिया धर्म और सत्य की विजय का संदेश : इस अवसर पर समिति के मुख्य संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि भगवान श्रीराम आज भी देशवासियों के लिए आदर्श हैं। भगवान श्रीराम ने अपने जीवन और आदर्शों के माध्यम से समाज को सत्य, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने रावण का वध कर यह संदेश दिया कि अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की जीत होती है। उन्होंने कहा कि विजयदशमी का पर्व केवल रावण दहन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें अपने भीतर मौजूद बुराइयों को समाप्त कर सद्मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना ही इस पर्व की सार्थकता है।

भूमि पूजन के साथ शुरू हुई दशहरा उत्सव की तैयारियां

भूमि पूजन के बाद छावनी दशहरा उत्सव समिति द्वारा आगामी विजयदशमी पर्व की तैयारियों को गति दे दी गई है। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर कार्य शुरू किया जाएगा। दशहरा उत्सव में बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल होते हैं, इसे देखते हुए आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं। समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बुधवार को बाल विहार मैदान पर विधि-विधान से भूमि पूजन संपन्न हो गया है। इसके साथ ही आगामी विजयदशमी पर्व को लेकर समिति की तैयारियां औपचारिक रूप से शुरू हो गई हैं।

दशहरा उत्सव को लेकर क्षेत्रवासियों में अभी से उत्साह का वातावरण

मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष भी विजयदशमी के अवसर पर 71 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके साथ ही कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का भी दहन होगा। दशहरा उत्सव को लेकर क्षेत्रवासियों में अभी से उत्साह का वातावरण है। उन्होंने बताया कि आयोजन को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए समिति में विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गई हैं। मुख्य संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा के मार्गदर्शन में समिति के अध्यक्ष आशीष गहलोत, महामंत्री विनीत गोयल, कोषाध्यक्ष विशाल सेन तथा राम बारात चल समारोह के अध्यक्ष संतोष राठौर को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

जाहिर सूचना

संपत्ति से बेदखली एवं सम्बंध विच्छेद हेतु जाहिर सूचना

सर्वसाधारण एवं सभी शासकीय कार्यालय, शासकीय निकाय सहित अन्य संस्थाओ को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहम्मद नूर वल्द श्री अब्दुल शकूर एवं शमा परवीन पत्नी मोहम्मद नूर, निवासी ग्राम-पीलीकरार, तह बुदनी जिला-सीहोर ने उनके पुत्र फैजखान एवं पुत्र वधु शैजी खान को उनके विवाह पश्चात पारिवारिक मतभेद के कारण उन्हे पूर्ण रूप से पृथक कर दिया तथा विवाह के कुछ समय बाद से ही फैजखान एवं शैजी खान मेरे पक्षकार से पृथक पृथक निवास कर रहे है। एवं मेरे पक्षकार ने उनके पुत्र फैजखान एवं पुत्र वधु शैजी खान को अपनी संपूर्ण चल एवं अचल संपत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल कर दिया है। एवं संपूर्ण रूप से संबंध विच्छेद कर लिया है। मेरे पक्षकार की सम्पति को लेकर उनके पुत्र एवं बहु का अधिकार नहीं है और भविष्य मे कोई संबंध मेरे पक्षकार का उनके पुत्र एवं बहु से नहीं रहेगा। हमारे पुत्र एवं पुत्र वधु द्वारा यदि आपस मे कोई विवाद किया जाता है या उनके साथ किसी अन्य व्यक्ति से विवाद किया जाता है तो उसके लिए वह व्यक्तिगत रूप से स्वंय उत्तरदायी होगे, उसमे मेरे पक्षकार का कोई सरोकार नही होगा।

भवदीय: **अक्षत यादव, अधिवक्ता**
बुधनी जि. सीहोर म.प्र.
मो. 7869661853

रॉयल हाईट्स के पूर्व विद्यार्थी बलराम का रक्षा मंत्रालय में ऑडिटर के पद पर चयन

जीरापुर। रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र बलराम मेवाड़े ने मेहनत, लगन के साथ पढ़ाई कर सीजेएल परीक्षा उत्तीर्ण कर रक्षा मंत्रालय में ऑडिटर के पद पर नियुक्ति प्राप्त की। इस विधार्थी ने कक्षा 1 से 12वीं तक की शिक्षा रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राप्त की। जहां बताया कि मेरी सफलता में मेरे माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय में मुझे शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार और अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा मिली। संस्था संचालक रणधीर सिंह ने कहा बलराम मेवाड़े की यह सफलता पूरे रॉयल हाईट्स परिवार के लिए गर्व का विषय है क्योंकि छात्र रक्षा मंत्रालय में ऑडिटर के पद पर चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय द्वारा माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर सम्मान किया। प्रबंधक यशवर्धन सिंह , पुष्कर पटेल सहित विधालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

तंवर समाज के राहुल बने सब-इंसपेक्टर कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

राजगढ़। सालों से अशिक्षा, कुप्रथाओं में जकड़ा जिले का तंवर समाज भी अब जागरुकता के चलते विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। समाज की प्रतिभाएं सभी क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर अपना लोहा मनवा रही हैं। इसी कड़ी में नांदनपुर गांव के युवा राहुल तंवर ने भी दिन-रात मेहनत करते हुए पुलिस विभाग में सब-इंसपेक्टर का पद पाया है। राहुल की इस उपलब्धि पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाज के अन्य युवाओं से भी इसी तरह मेहनत और लगन से जीवन में आगे बढ़ते रहने की अपेक्षा जताई है। राहुल की इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, चेनसिंह तंवर भवानीपुरा सहित समाज के अन्य वरिष्ठजनों, ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री देवनारायण जन्मोत्सव पर आज निकालेंगे भव्य शोभायात्रा

जीरापुर। श्री देवनारायण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में भव्य शोभायात्रा शुक्रवार को निकाली जाएगी। श्री देवनारायण जन्म उत्सव समिति के तत्वावधान में 34वीं बार यह शोभायात्रा देवनारायण मंदिर से प्रातः 11:00 बजे प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली जाएगी, जिसका समापन दोपहर 4:00 बजे देवनारायण मंदिर पर होगा। शोभायात्रा में भगवान देवनारायण की आकर्षक भव्य झांकी सहित भजन कीर्तन मंडलियां एवं अखाड़े के कलाकारों द्वारा करतब दिखाए जाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय गुर्जर समाज धर्मशाला, भंडावद रोड़ पर महाप्रसादी का आयोजन भी रखा गया है।

मुख्यालय पर कुछ दुकानदारों की दुग्ध संचालकों से हुई नोकझोंक

जिले के अधिकांश क्षेत्रों में दूध की सप्लाई ठप, घरों में नहीं पहुंचा, दूध लाने वालों पर लगाया गया जुर्माना

राजगढ़, खिलचीपुर क्षेत्रों में ज्यादा नजर आया दुग्ध संचालकों की हड़ताल का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

दूध के फेट रेट एवं कीमतों में बढ़ोतरी की मांग को लेकर देवनारायण दूध संचालक संघ के आव्हान पर बुधवार से लगभग पूरे जिले में हड़ताल शुरू की गई। इस हड़ताल का व्यापक असर देखने मिला। राजगढ़ मुख्यालय पर सुबह से ही संघ के लोग जगह-जगह घूमकर उन दुकानों और दूध डेयरियों पर पहुंचे जहां सांची, अमूल, श्रीधी, सौरभ सहित अन्य कंपनियों का पेक्ड दूध छिपते, छिपाते बेचा जा रहा था। कुछ स्थानों पर हड़तालियों द्वारा उग्र रूप अपनाते हुए दुकानदारों का पैक्ड दूध सड़कों पर ढोलने से विवाद की भी स्थितियां निर्मित हुईं। हालांकि, पुलिस की सक्रियता के चलते कहीं भी विवाद बड़ा रूप नहीं ले पाया। राजगढ़ नगर में चाय, कॉफी की दुकानें सुबह से ही बंद नजर आईं। हालांकि, कुछ स्थानों पर चाय दुकानदार रात्रि के दूध से चाय बनाते देखे गए।

जो दूध देने आए उन पर लगाया दंड

जिन ग्रामीण दूध विक्रेताओं को इस हड़ताल की जानकारी नहीं थी जब वे बुधवार सुबह राजगढ, खिलचीपुर, जीरापुर सहित अन्य क्षेत्रों में घरों में दूध सप्लाई करने पहुंचे तो हड़ताली दूध संचालकों ने उन पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही भी की। इसके साथ ही पैक्ड दूध की थैलियां जब्त भी की गईं जिसके चलते दुकानदारों ने अपना आक्रोष जाहिर किया। राजगढ़ में कुछ दुकानों के पेक्ड मिल्क सप्लायर इस जबरर्दस्ती का विरोध करते भी देखे गए।

ब्यावरा, सारंगपर क्षेत्रों में कम दिखा असर

दूध संचालकों की इस हड़ताल का असर ब्यावरा, नरसिंहगढ़ क्षेत्रों में कम ही नजर आया। बताया जा रहा है कि इन क्षेत्रों में बुधवार को हुई बैठक के बाद संभवतः आज गुरुवार से यहां भी दूध की किल्लत नजर आ सकती है।

यह है शासन से मांगें

देवनारायण संघ जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह भाटपुरा ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग है कि दूध का फेट 12 रुपए किया जाए एवं भैंस के दूध की कीमत 100 रुपए प्रति किलो एवं गाय के दूध की कीमत 80 रुपए प्रतिकिलो निर्धारित की जाए। पेक्ड मिल्क कंपनियां पूर्व से 60 से 70 रुपए प्रतिकिलो में अपना दूध जिले में सप्लाई कर रही हैं। ऐसे में जिले के कृषकों, गोपालकों को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि भैंसों के लिए खली, बिनौला आदि की कीमत ही इतनी अधिक हो चुकी है कि अब 50 रुपए प्रतिकिलो में दूध बेचने से दूधवालों को हानि हो रही है। संघ ने शासन, प्रशासन से मांग की है कि दूध की कीमतों में जब तक बढ़ोतरी नहीं की जाएगी, यह हड़ताल इसी तरह जारी रहेगी।

2 अक्टूबर से हड़ताल की चेतावनी

पटवारियों के बाद अब रोजगार सहायक आंदोलन की राह पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

सालों से लंबित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शासन, प्रशासन से गुहार लगाते आ रहे ग्राम रोजगार सहायक भी अब आंदोलन की राह पर चल पड़े हैं। इसी कड़ी में जिले की सभी 622 ग्राम पंचायतों के रो. सहायकों ने बुधवार को मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने अल्टीमेटम दिया है कि यदि आगामी 2 अक्टूबर तक उनकी मांगे पूर्ण नहीं हुई तो पूरे प्रदेश के रोजगार सहायक बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे।

इसके पूर्व सभी जीआरएस खिलचीपुर नाके पर एकत्रित हुए और यहां से नारेबाजी करते हुए जिला पंचायत परिसर पहुंचे। यहां सभी ने सीईओ श्री गढ़पाले को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। संगठन जिलाध्यक्ष सागर सिंह गुर्जर ने बताया कि गत 28 जून को मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि सभी रोजगार सहायकों को पंचायत सचिवों के समान सभी तरह के वेतन, भत्ते, सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

घोषणा हुई पर आदेश अभी तक जारी नहीं किए

उक्त घोषणा अभी घोषणा मात्र ही है और प्रेक्टिकली कोई आदेश फिलहाल तक जारी नहीं किया गया है। ऐसे में यदि आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक आदेश जारी नहीं किया गया तो न केवल राजगढ़ बल्कि पूरे प्रदेश की जीआरएस अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे। ज्ञापन के अवसर पर संगठन के सभी जिला पदाधिकारियों में शामिल सर्जन सिंह सौंधिया, प्रवीण उमठ, कालूसिंह राजपूत, रामबाबू दांगी, पवन तंवर, मोहनलाल, दिलीप नागर, दिनेश राठौर, हेमंत राजपूत, महेश गहलोत सहित अन्य उपस्थित थे।

खरीदी व निर्माण कार्यों में गड़बड़ी पर कार्रवाई

राजगढ़ नपा सीएमओ भोपाल अटैच, जांच भी बैठी

राजगढ़। काफी समय से पार्षदों की शिकायतों और अन्य अनियमितताओं पर आमजनों का आक्रोश झेल रही राजगढ़ नगर पालिका प्रबंधन में भोपाल स्तर से कार्यवाही हुई है। नपा सीएमओ पवन अवस्थी को सम्भागीय कार्यालय भोपाल अटैच किया गया है। इसके साथ ही राजगढ़ डिप्टी कलेक्टर निधि भारद्वाज के नेतृत्व में भोपाल के तीन अधिकारियों को शामिल करते हुए उक्त गड़बड़ियों की जांच हेतु एक दल भी बनाया गया है। जारी आदेश के तहत नपा प्रबंधन द्वारा बायोमेट्रिक मशीन के क्रय सहित अन्य निर्माणों में अनियमितताओं की शिकायतें मिलने पर सीएमओ अवस्थी को अस्थाई रूप से संभागीय कार्यालय भोपाल अटैच किया गया है। इसके साथ ही डिप्टी कलेक्टर भारद्वाज की अगुवाई में एक जांच टीम भी बनाई गई जो उक्त शिकायतों की सिरे से जांच करेगी। जांच दल में नगरीय प्रशासन उपसंचालक शिल्पा मालेवार एवं कार्यपालन यंत्री सचिन कुडू को शामिल किया गया है। आपको बता दें कि आयुक्त भोंडवे विगत दिनों राजगढ़ के दौरे पर आए थे। इस दौरान स्थानीय सर्किट हाउस में नगर पालिका से जुडी अनेक शिकायतें पक्ष एवं विपक्षी पार्षदों द्वारा की गई थीं।

मिष्ठान दुकानों से पनीर, रसगुल्ले, आटा और रेस्टोरेंट से चिकन व मटन करी के नमूने लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खाद्य विभाग ने जिले के होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और मिठाई प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। विभाग ने 15 सितंबर को डॉमिनोज पिज्जा, अव्यक्त रेस्टोरेंट और रजवाड़ी स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। अव्यक्त रेस्टोरेंट से पनीर और आटा तथा रजवाड़ी स्वीट्स से रसगुल्ले के नमूने लिए गए। 16 सितंबर को ढाबा आशियाना, कल्लू का ढाबा, होटल सयाजी और हवेली रेस्टोरेंट की जांच की गई। ढाबा आशियाना से चिकन करी और मटन करी के नमूने लिए गए। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। प्रतिष्ठान संचालकों को स्वच्छता और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

सनशाइन सोलर गोदाम चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। रंगई स्थित सनशाइन सोलर एनर्जी गोदाम में हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी विल्सन जोसेफ पिता राजू जोसेफ (26), निवासी जतरापुरा, के कब्जे से चोरी गया सोलर प्लेट का एल्युमिनियम रीप करीब 30 हजार रुपए कीमत का बरामद किया है। फरियादी नवीन कोठारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 596/2026 के तहत मामला दर्ज किया था। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की गई। इस मामले में पुलिस पूर्व में छह महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

अधिकारियों ने सेवा से संकल्प अभियान की समीक्षा की

अभियान की लंबित शिकायतों पर अधिकारियों से मांग स्पष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं मुख्यक कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा बुधवार को जनविश्वास अभियान तथा आगामी सेवा से संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लिया गया। अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आगामी रक्तदान कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान अधिक से अधिक रक्त एकत्र कर ब्लड बैंकों में उपलब्धता बढ़ाने तथा रक्तदान के लिए रोस्टर जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

आशीर्वाद के दीये से होगी अभियान की शुरुआत

बैठक में 17 सितंबर को आयोजित होने वाले 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत मोहनपुरा डैम, जालपा माता धाम एवं रेलवे स्टेशन पर दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 17 सितंबर से प्रारंभ हो रहे 'सेवा से संकल्प' अभियान की शुरुआत भी इसी आयोजन से होगी। अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी के माध्यम से सेवा, संवेदनशीलता और सकारात्मक बदलाव की दिशा में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े 4 प्रकरणों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत की बैठक में बुधवार को वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े 4 प्रकरणों की सुनवाई की गई। कोर कमेटी ने दोनों पक्षों की बात सुनकर संवाद और समझाइश के जरिए 2 मामलों का आपसी सहमति से निराकरण कराया। पहले मामले में विदिशा निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग ने शिकायत की थी कि उनका बेटा गाली-गलौज कर परेशान करता है और भरण-पोषण भी नहीं देता। पंचायत में दोनों पक्षों की बात सुनी गई। सामने आया कि विवाद पारिवारिक कारणों से था। समिति की समझाइश के बाद पिता-पुत्र के बीच सहमति बनी और विवाद खत्म हो गया। कार्रवाई से संतुष्ट बुजुर्ग ने बेटे के साथ प्रसन्नता जताई।

धरना-प्रदर्शन जाम की चेतावनी

20 से दूध सप्लाई बंद करने का ऐलान, किसानों ने सौंपा ज्ञापन

नरसिंहगढ़। भारतीय किसान यूनियन एवं संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक बुधवार को मारुति नंदन मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की गई। किसानों ने 20 सितंबर से दूध की सप्लाई बंद कर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। इससे पहले 19 सितंबर को किसान महापंचायत आयोजित कर आंदोलन को लेकर आगामी रणनीति तय करने की बात कही गई। बैठक के बाद किसानों ने एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दूध का भाव 12 रुपए फैट किए जाने, पीला मोजेक रोग के कारण खराब हुई सोयाबीन फसल का तत्काल सर्वे कराकर किसानों को राहत देने तथा सुठालिया-रसाई मार्ग के लिए अधिग्रहित जमीन का चार गुना मुआवजा दिए जाने की मांग की गई। किसान नेताओं ने कहा कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस दौरान 20 सितंबर से मध्यप्रदेश में दूध की सप्लाई बंद करने के साथ धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम जैसे आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी, प्रभुलाल पटेल, प्रदेश महामंत्री नारायण सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता रामकिशन दांगी, प्रदेश उपाध्यक्ष भगवान सिंह पटेल, प्रदेश प्रभारी मांगीलाल गोस्वामी, प्रदेश महासचिव मनोहर मीणा, संभाग अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर, राजगढ़ जिलाध्यक्ष रामबाबू दांगी, भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के जिलाध्यक्ष भारत सिंह मीणा, सोराम गुर्जर बद्रीलाल, संगठन मंत्री गिर्राज, महामंत्री गजेंद्र सिंह बना हेमराज गुर्जर मौजूद रहे।

दूसरे दिन भी जारी रही किसानों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

क्षेत्र में सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार 'जयपाल सिंह खींची, बालकिशन गुर्जर, हेमंत सिंह, लाखन सिंह, जय सिंह लोधी और सोमन सिंह' ने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की है। ये 6 किसान आमरण अनशन पर बैठे हैं, जबकि सैकड़ों डूब प्रभावित किसान धरना स्थल पर मौजूद रहकर उनका समर्थन कर रहे हैं।दूसरे दिन भूख हड़ताल पर बैठे किसानों की तबीयत बिगड़ने लगी है, लेकिन प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी अब तक सुध लेने नहीं पहुंचा। प्रशासन की इस उदासीनता से किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों का कहना है कि जमीन, मकान, रोजगार सब डूब में चला गया और सरकार आज तक उचित मुआवजा तक नहीं दे पाई।किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक 9 सूत्रीय मांगों का लिखित में निराकरण नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा और इसे और उग्र किया जाएगा।

किसानों की 9 सूत्रीय मांगें

चार गुना मुआवजा दिया जाए , 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सदस्यों को वयस्क माना जाए खेती की भूमि पर स्थित परिसंपत्तियों का मुआवजा, काटे गए मकानों का मुआवजा दिया जाए, टोडी एवं गुर्जरखेड़ी के पूर्णतः डूब प्रभावित मकानों का मुआवजा, 6. 90ः एवं 100ः डूब प्रभावित परिवारों को पुनर्वास का लाभ, पुनर्वास स्थलों के नाम गांवों के नाम पर रखे जाए, सभी छूटे हुए गांवों एवं मकानों को डूब क्षेत्र में शामिल किया जाए, पेयजल के स्त्रोतों का मुआवजा दिया जाए।

50 साल पहले शुरू हुई छोटी पहल, गणेशोत्सव की परंपरा ने दी अलग पहचान

कुरावर। गणेशोत्सव पूरे देश में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। कुरावर में भी गणेशोत्सव का आयोजन वर्षों से धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बना हुआ है। आज नगर के विभिन्न स्थानों पर भव्य गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं और दस दिनों तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहती है। कुरावर में गणेशोत्सव की इस भव्य परंपरा की शुरुआत लगभग 50 वर्ष पूर्व नगर के कुछ गणमान्य नागरिकों ने की थी। बताया जाता है कि नगर के व्यापारी गोविंदराम जी सोमानी, मोहनलाल जी गोयल, जीवनलाल जी शर्मा, गोपालकृष्ण जी अग्रवाल, पुरुषोत्तम जी शर्मा, प्रकाश जी शर्मा, मांगीलाल खाटू, हेमसिंह चैहान, नन्नूलाल जी बाहेती, रामसहाय जी जामलिया सहित अनेक नागरिकों ने एक संकल्प के साथ इसकी शुरुआत की थी। पीपल चैराहे से शुरू हुआ यह आयोजन धीरे-धीरे नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बनता चला गया। गणेशोत्सव के दौरान करीब दस दिनों तक रामलीला सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता था। इन कार्यक्रमों को देखने के लिए नगरवासियों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते थे।

अनंत चतुर्दशी का विसर्जन बनता था आकर्षण

गणेशोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण अनंत चतुर्दशी का विसर्जन जुलूस हुआ करता था। भव्य झांकियों, अखाड़ों और देश के प्रसिद्ध बारे लाल बैंड के साथ निकलने वाली विसर्जन यात्रा देखने के लिए आसपास के हजारों ग्रामीण कुरावर पहुंचते थे। पूरी रात श्रद्धालु नयनाभिराम झांकियों और अखाड़ों का आनंद लेते हुए श्रद्धा और उत्साह के साथ पीलूखेड़ी स्थित पार्वती नदी तक पहुंचते थे, जहां विधि-विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता था।

संगठन सृजन अभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

संगठन की मजबूती से ही जनता की आवाज बनेगी कांग्रेसः सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत पचोर के रेड कार्पेट होटल में 15 एवं 16 सितंबर को दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। शिविर में ब्लॉक, मंडल एवं नगर अध्यक्षों को बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और आगामी चुनावों की संगठनात्मक तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने संगठन को कांग्रेस की प्रमुख ताकत बताते हुए बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ता तैयार करने और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जमीनी स्तर पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने तथा जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने की बात कही। महासचिव डॉ. संजय कमले ने संगठनात्मक ढांचे और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर प्रशिक्षण दिया। जिला प्रभारी सुरेंद्र सिंह बघेल ने आपसी समन्वय और जमीनी सक्रियता पर जोर दिया। प्रोमिल मित्रा एवं आरिफ खान ने मतदाता सूची पुनरीक्षण और एडिजिटल तकनीक की जानकारी दी। राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने फैक्ट चेकिंग, मीडिया प्रबंधन और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण प्रभारी प्रज्ञा फिलिप्स ने प्रशिक्षण की जरूरत एवं क्रियान्वयन की जानकारी दी। शिविर में बूथ से जिला स्तर तक संगठन को मजबूत करने और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का संकल्प लिया गया।

यूपीआई चार्ज जनता की जेब पर डाकाः पटवारी

सारंगपुर। पचोर से इंदौर जाते समय बुधवार शाम सारंगपुर बायपास पर मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान पटवारी ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, युवाओं के रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और डिजिटल भुगतान पर संभावित शुल्क को लेकर सरकार पर निशाना साधा। पटवारी ने कहा कि आज डिग्री हासिल करने के बाद भी युवा रोजगार के लिए भटकने को मजबूर हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियों और पेपर लीक जैसे मामलों से युवाओं का भरोसा प्रभावित हुआ है। कांग्रेस युवाओं की समस्याओं को दबने नहीं देगी और इन्हें निर्णायक आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

19 सितंबर को इंदौर में होगा छात्र-युवा सम्मेलनः उन्होंने कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज, युवाओं की आवाज' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि 19 सितंबर को इंदौर में छात्र एवं युवा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रदेशभर से छात्र, प्रतियोगी परीक्षार्थी और युवा शामिल होंगे। पटवारी ने कार्यकर्ताओं से इंदौर में अध्ययनरत छात्रों एवं युवाओं को कार्यक्रम से जोड़ने की अपील की।

यूपीआई शुल्क को लेकर केंद्र पर निशाना

डिजिटल भुगतान और यूपीआई लेनदेन पर संभावित शुल्क को लेकर पटवारी ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में राहुल गांधी ने 'पे टू मोदी' के माध्यम से जिस आशंका को लेकर सवाल उठाया था, वह आज सामने आती दिखाई दे रही है। पटवारी ने दावा किया कि 2,000 रुपये से अधिक के डिजिटल लेनदेन पर प्रस्तावित शुल्क का अंतिम बोझ मर्चेंट के माध्यम से ग्राहकों पर पड़ सकता है। उन्होंने इसे डिजिटल इंडिया के नाम पर जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बताते हुए शुल्क वापस लेने की मांग की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन, जनपद सदस्य घनश्याम मालवीय, राधेश्याम पाटीदार, बाबूलाल मालवीय, कमल सिंह राणा, जीवन सोलंकी, विनोद कुमार, गौतम मालवीय, मुस्तक शाह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

श्री रिद्धि सिद्धि गजानंद मंडल में भगवान जगन्नाथ

आष्टा। श्री रिद्धि सिद्धि गजानंद मंडल के संरक्षक किरण कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 11 वर्षों से बायपास चौपाटी पर गणेशोत्व कार्यक्रम विशाल रूप से मनाया जाता है। मंडल अध्यक्ष संजय मेवाड़ा के नेतृत्व में गणेशोत्व मनाया जा रहा है। भगवान जगन्नाथ जी, बलभद्र, सुभद्रा, विष्णु जी के विराट स्वरूप गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की गई है। पूरे पंडाल को रंगीन लाइट से सजाया गया है। धर्माधिकारी गजेन्द्र शास्त्री के द्वारा गणेश जी का अभिषेक-पूजन आरती कराई जाती है। कार्यक्रमों के सफल संचालक राहुल परमाल ने बताया कि 22 सितंबर को भगवान देवनारायण की कथा और 24 सितंबर को प्रहलाद सिंह प्रजापति की भजन संध्या रखी है। मंडल की महिला सदस्यों द्वारा सुंदर भजन की प्रस्तुति दी जाती है। मंडल के राकेश प्रजापति, कमलसिंह मालवीय, ओमप्रकाश प्रजापति, महेश मेवाड़ा, अर्जुन प्रजापति, मुकेश वर्मा, राजेश मेवाड़ा, मुकेश प्रजापति, सुनील मालवीय कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हैं।

भोपाल-देवास कॉरिडोर पर 426 करोड़ की लागत के मुकाबले 1610 करोड़ वसूली का दावा

टोल की कमाई भारी, सड़क की हालत बदहाल गड्ढे-धंसे शोल्डर और कीचड़ से हादसों का खतरा

टोल कंपनियां दावा करती हैं कि वसूला गया पैसा सड़क के रखरखाव पर खर्च होता है, लेकिन जमीनी हकीकत इस दावे की पोल खोल रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

मध्य प्रदेश में हाईवे पर सफर अब सिर्फ महंगा ही नहीं, बल्कि जानलेवा भी होता जा रहा है। जनता से "सड़क सुविधा" के नाम पर करोड़ों की वसूली की जा रही है, लेकिन बदले में मिल रही हैं टूटी सड़कें, जानलेवा गड्ढे ,सड़क से नीचे साइड शोल्डर और कीचढ़ से फिसलन भरी सड़क और हादसों का डर। सवाल यह है कि आखिर यह टोल टैक्स है या जनता की जेब पर सरकारी-ठेकेदार गठजोड़ की खुली डकैती।

426 करोड़ की सड़क, 1610 करोड़ की वसूली!

एमपीआरडीसी का भोपाल-देवास मार्ग इसका सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है। सड़क निर्माण पर जहां सिर्फ 426 करोड़ रुपये खर्च हुए, वहीं टोल कंपनियां अब प्राप्त जानकारी के अनुसार 1610 करोड़ रुपये जनता से वसूल चुकी हैं। हैरानी की बात यह कि यह वसूली यहीं नहीं रुकेगी, बल्कि 21 मई 2033 तक आम लोगों की जेब पर यह बोझ जारी रहेगा।

सड़कें बदहाल, टोल बेहिसाब : टोल कंपनियां दावा करती हैं कि वसूला गया पैसा सड़क के रखरखाव पर खर्च होता है, लेकिन जमीनी हकीकत इस दावे की पोल खोल रही है। भोपाल से देवास तक कई हिस्सों में सड़कें गड्ढों में तब्दील हैं। कहीं डामर उखड़ा पड़ा है तो कहीं वाहन चालकों की जान रोज जोखिम में पड़ रही है। सवाल उठता है—जब हजारों करोड़ की वसूली हो चुकी, तो सड़कें कब सुधरेंगी।

टोल नियम भी ताक पर

केंद्र सरकार के नियम साफ कहते हैं कि दो टोल प्लाजा के बीच कम से कम 60 किलोमीटर की दूरी होनी चाहिए, लेकिन प्रदेश में कई जगह 30-40 किलोमीटर के भीतर ही टोल नाके खड़े कर दिए गए हैं। यानी सफर छोटा हो या बड़ा, जनता की जेब कटना तय है।

विधानसभा में गूंजा मुद्दा, लेकिन राहत कब

विपक्ष ने विधानसभा में सवाल उठाते हुए पूछा कि जब शुरुआती वर्षों में लागत निकल चुकी, तो आखिर 20-23 साल तक टोल वसूली की छूट क्यों? वहीं सरकार का दावा है कि कोई अवैध वसूली नहीं हो रही और गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की जाती है।

जनता पूछ रही-सड़क चाहिए या सिर्फ वसूली

बीओटी मॉडल के नाम पर सड़कें ठेकेदारों को सौंप दी जाती हैं, फिर लागत निकलने के बाद भी "मेंटेनेंस" की आड़ में सालों तक टोल टैक्स वसूला जाता है। कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद कई जगह टोल हटे भी हैं, लेकिन तब तक जनता अपनी जेब और जान दोनों से कीमत चुका चुकी होती है।

सिस्टम की संवेदनहीनता का आईना दिखाते

आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में भोपाल-देवास मार्ग पर गड्ढों और खराब सड़क की वजह से 281से ज्यादा लोगों की मौत और करीब 4500 से ज्यादा लोग घायल हुए। यह आंकड़े सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सिस्टम की संवेदनहीनता का आईना दिखाते हैं।

देवास भोपाल कॉरिडोर जीएम अजय मिश्रा ने इस संबंध में बताया कि तो उनका कहना है सारा अनुबंध पहले से तय होता है। कहां नाली बननी है और नगर पालिका के नोटिस से कोई फर्क नहीं पड़ता है और बारिश का समय चल रहा है। इसलिए साइड शोल्डर दब जाते हैं, सड़के जहां खराब हुई है उसमें काम चल रहा है। बारिश खत्म होते ही सड़के दुरुस्त की जाएंगी की जाएगी, बारिश में सभी जगह समस्या आती है।

पर्यूषण पर्व के दूसरे दिन जिनवाणी पूजा में उमड़ा भक्तिभाव मुनि सागर महाराज ने कहा: मान के कारण कहीं शांति नहीं

आष्टा। दिगंबर जैन समाज के दस दिवसीय पर्यूषण महापर्व के दूसरे दिन गुरुवार को श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज में भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा के बाद नित्य महापूजा, सोलहकारण, पंचमेरू एवं दसलक्षण धर्म की पूजा-अर्चना की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर धर्मलाभ लिया।

इसके बाद श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में जिनवाणी माता की पूजा-अर्चना हुई। आयोजन में मुनि सागर महाराज, अभेद सागर महाराज, मुनि अगर्भ सागर महाराज, ऐलक मंथन सागर महाराज एवं ब्रह्मचारिणी मंजुला दीदी की महती उपस्थिति रही। जिनवाणी पूजा का लाभ नरेन्द्र गंगवाल एवं श्रद्धा गंगवाल को प्राप्त हुआ। गंगवाल परिवार ने भक्तिभाव से जिनवाणी माता की पूजा-अर्चना की। इस दौरान श्रीमती गंगवाल सहित उपस्थित महिलाएं भक्ति में लीन होकर नृत्य करती नजर आईं। श्रद्धालुओं ने मुनिगण का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

मार्दव धर्म मान को गलाने का संदेश देता है : किला मंदिर स्थित आचार्य विद्यासागर धर्म सभागार में आशीष वचन देते हुए मुनि सागर महाराज ने कहा कि पर्यूषण महापर्व का दूसरा दिन मार्दव धर्म का है। यह दिन केवल सुनाने का नहीं, बल्कि सुनने और आत्मचिंतन करने का दिन है। उन्होंने कहा कि मार्दव एक ऐसा गुण है, जिसे जीवन में अपनाने से व्यक्ति के भीतर विनम्रता आती है। उन्होंने कहा कि आत्मा में अनेक गुण और अवगुण होते हैं। मान का कोई ठिकाना नहीं है, लेकिन मार्दव धर्म का अपना ठिकाना है। मान के कारण कहीं भी शांति नहीं मिलती। व्यक्ति जब अपने अहंकार और मान को छोड़ता है, तभी उसके जीवन में वास्तविक शांति का मार्ग खुलता है।

मुनिश्री ने कहा कि 'क्षमा वीरस्य भूषणम्' अर्थात क्षमा वीरों का आभूषण है। जब कोई व्यक्ति हाथ जोड़ता है तो वह केवल सामने वाले से क्षमा नहीं मांगता, बल्कि अपने मान और कषाय को भी गलाने का प्रयास करता है। उन्होंने आचार्य ज्ञान सागर जी एवं आचार्य धर्म सागर जी के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए विनम्रता और क्षमा के महत्व को समझाया।

बहुओं को बेटियां और सास को मां मानें : मुनि सागर महाराज ने पारिवारिक जीवन में प्रेम और सम्मान की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बहुओं को बेटियां मानें और बहुएं भी सास को मां मानें। ऐसा भाव घर-घर में विकसित हो जाए तो अनेक पारिवारिक विवाद समाप्त हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म केवल मंदिर तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसके संस्कार परिवार और व्यवहार में भी दिखाई देने चाहिए। उन्होंने कहा कि आष्टा में यह ऐतिहासिक चातुर्मास हो रहा है। यहां गंगा-जमुना के मिलन जैसा वातावरण बना हुआ है। धर्मसभा में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को यहां से कुछ न कुछ ग्रहण करके जाना चाहिए। साधु-संत जब यहां से जाएं तो उन्हें यह अनुभव हो कि उन्होंने आष्टा के बारे में जो सुना था, उससे कहीं अधिक लोगों में आस्था और धर्म के प्रति समर्पण है।

मानव जीवन मिला है तो धर्मलाभ लेना चाहिए : ब्रह्मचारिणी मंजुला दीदी ने कहा कि मानव जीवन मिलना और जैन कुल प्राप्त होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि जिन बिंब के दर्शन का अवसर मिल रहा है, उसका लाभ लेना चाहिए। उन्होंने संदेश दिया कि जीते जी जो धर्मकार्य और पुण्यार्जन किया जा सकता है, उसे समय रहते कर लेना चाहिए। मुनिश्री ने श्रद्धालुओं को जीवन में सक्रिय रहने का संदेश भी दिया और कहा कि शरीर और जीवन को व्यर्थ न गंवाएं। धर्म, सेवा और आत्मकल्याण के कार्यों में स्वयं को लगाए रखें। पर्यूषण पर्व के दूसरे दिन मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तिभाव और धार्मिक वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान की आराधना, जिनवाणी पूजा एवं मुनिगण के आशीष वचनों का लाभ लिया। वहीं गंज मंदिर में गुरुवार की शांतिधारा का लाभ दिवंगत अशोक कुमार एवं पदमा जी कासलीवाल के सुपुत्र मोहित कासलीवाल ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्राप्त किया।

दुख से कभी घबराना नहीं चाहिए और सुख में कभी इतराना नहीं चाहिए: मिट्ठूपुरा सरकार

आष्टा। भक्ति का मार्ग बहुत कठिन है।वोही व्यक्ति भक्ति कर सकता है। जो जात-पात, लोभ लालच, काम, क्रोध मान अपमान का त्याग कर दे। कामी क्रोधी लालची, इनसे भक्ति ना होय। भक्ति करे कोई सूरमा, जाति वरंन कुल कोय। साधू बनना कठिन है, चढ़ना पेड़ खजूर। चढ़े तो चाखे प्रेम रस गिरे तो चकनाचूर।

उक्त बहुत ही प्रेरक विचार श्री राम मंदिर धर्मशाला महत्वाडा में चल रही सात दिवसीय संगीत मय भागवत कथा के पांचवें दिन व्यास पीठ पर विराजमान परम भागवत भूषण संत मिट्ठूपुरा सरकार द्वारा व्यक्त किए गए। आगे महाराज श्री द्वारा बताया कि यह संसार दुखालय हैं। भगवान श्री कृष्ण हो या भगवान श्री राम ने भी जब इस मृत्यु लोक में जन्म लिया तो उनके जीवन में भी बहुत दुख आए। इसलिए दुख से कभी घबराना नहीं चाहिए और सुख में कभी इतराना नहीं चाहिए। सुख सपना दुख बुलबुला, दोनों है मेहमान। दोनों आवन दीजिए जो भेजे भगवान। जितने भी महापुरुष हुए। रविदास, तुलसीदास, कबीर साहेब मीराबाई, नरसी मेहता, भक्त प्रहलाद, ध्रुव इन सबके जीवन में बहुत दुख आया पर फिर भी इन्होंने भगवान का भजन नहीं छोड़ा। समाज सेवा नहीं छोड़ी। दुख से डरना नहीं उसका सामना करना है। देह धरे का दंड है, यह सब भुगते कोय। ज्ञानी भुगते हंस हंस कर,मूर्ख भुगते रोय। इसके अलावा भी भगवान के विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन बड़े विस्तार से किया। मुख्य यजमान कैलाश सिंह पडीयार द्वारा पूज्य गुरुदेव का शाल श्रीफल से स्वागत किया। आज का प्रसाद अकेसिंह पतरा परिवार की ओर से वितरण किया गया। इस अवसर पर कल्याण सिंह खजुरिया, जगन्नाथ सिंह, कमल सिंह पहलवान सज्जन सिंह पहलवान योगेंद्र सिंह पटेल, अके सिह पतरा ,राजेंद्र केशव ज्ञान सिंह मामा दयाराम परिहार सुरेंद्र सिंह देवकरण सिंह राणा प्रेम सिंह महाकाल, धीरज नागराज, राजेश सोलंकी, कैलाश सिंह पडीयार ,अर्जुन सिंह, सहित बड़ी संख्या में माता बहने उपस्थिति रही।

विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई

500 मीटर कॉलोनी पहुंच मार्ग निर्माण की मांग का विधायक को सौंपा मांग-पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बुधवार को विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में ग्राम पंचायत खाचरौद में मुख्य मार्ग के अंदर बसी कालोनी के रहवासियों ने विधायक कार्यालय पहुच कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर से मिल कर बताया कि खाचरौद से सिद्दिकगंज जाने वाले मुख्य मार्ग से 500 मीटर दूर बसी कालोनी का पहुच मार्ग कच्चा है,बारिश में जाने आने में बहुत परेशानी होती है । 500 मीटर का उक्त कच्चे मार्ग का निर्माण कराया जाये ताकि रहवासीयो की समस्या का निदान हो सके ।

उक्त कॉलोनी में 20 से 25 परिवार रहते हैं। वहीं सिद्दिकगंज के सुशील नगर के रहवासियों ने विधायक इंजीनियर से मांग की है कि सुशील नगर में उचित मूल्य की राशन दुकान खुलवाई जाये । इसके साथ ही विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनसुनवाई में आये अन्य कई ग्रामो के ग्रामीण जनों की वन टू वन मिल कर समस्याओं को सुना । स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 11 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है । बुधवार को प्रातः 11 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये । आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है । जनसुनवाई में बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये।

जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। जनसुनवाई में आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं,मांगो का जल्द निराकरण होगा । जो मांग शासन स्तर की है उन्हें वे शासन तक पहुँचाऊँगा । जनसुनवाई में ग्राम पंचायत उमरखाल में टिन शेड निर्माण करवाने,खाचरोद से सिद्दीकगंज गए रोड के पास के कॉलोनी तक आने जाने का लगभग 500 मीटर रोड का निर्माण कराने, ग्राम पंचायत पारदीखेड़ी में निर्माण कार्य हेतू राशि स्वीकृत करने,राहत राशि प्रदाय करने,ग्राम पांगरी में पानी निकासी के पुराने रास्ते को पुनः चालु करवाने एवं हुऐ नुकसान की जांच कर उचित करवाई करने,ग्राम हरनिया गांव में छुटी हुई सड़क निर्माण कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने,मेरी काबिज वन भूमि का मुझे पट्टा प्रदान करने,ग्राम चाचाखेड़ी से दुपाड़यिा तक रास्ता जो बहुत खराब है,आने जाने में परेशानी होती है बनवाने एवं पुलिया निर्माण कराने,ग्राम बांदरिया डाल में धर्मशाला में टिन शेड निर्माण कराने, ग्राम पंचायत पिपलीया सलारसी में टिन शेड निर्माण कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना एवम शौचालय निर्माण कराने, ग्राम बापचा बरामद में मंदिर की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कराने, ग्राम पंचायत बापचा बरामद में शिवालय प्रागण में टिन शेड निर्माण कराने,ग्राम पंचायत अमरपुरा के ग्राम गुराड़यिा खुर्द में क्षत्रिय सेंधव धर्मशाला में टिन शेड निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने, ग्राम पंचायत सिद्धिकगंज के सुशील नगर में नवीन उचित मूल्य की दुकान स्वीकृत कराने, भजन सतसंग हेतू वाद्य यंत्र प्रदान करने,ग्राम मेना में निर्माण कार्य हेतू राशि स्वीकृत करने,कृष्ण नगर कॉलोनी लोरस रोड तहसील आष्टा शासन की योजना अटल ज्योति योजना अंतरगत विद्युत ट्रांसफर स्थापित करने सहित अन्य आवेदन पत्र प्राप्त हुऐ। सभी आई शिकायतों,मांगो एवं आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है। विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये,कुछ आवेदन निराकरण हेतु सम्बंधित विभागों को भेजे गये। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्तिथ हुए।

हिंदी दिवस समारोह में आष्टा की हिंदी शिक्षिका सीमा बुंदेला सम्मानित

आष्टा। नई दिल्ली स्थित पीएचडी चैंबर्स ऑफ कामर्स में मधुबन प्रकाशन' के तत्वावधान में आयोजित भव्य हिंदी दिवस समारोह में आष्टा के पुष्पा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की हिंदी शिक्षिका सीमा बुंदेला को हिंदी भाषा, साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान एवं समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। देशभर से आए हिंदी के शिक्षकों, साहित्यकारों एवं शिक्षाविदों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में सीमा बुंदेला को सम्मान प्राप्त होना आष्टा एवं उनके विद्यालय के लिए भी गौरव का विषय रहा। समारोह में हिंदी के प्रति शिक्षकों के योगदान, भाषा के संरक्षण एवं उसके निरंतर विकास को लेकर विचार-विमर्श भी हुआ।इस सम्मान को लेकर सीमा बुंदेला ने कहा कि हिंदी भाषा और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों के लिए मिला यह सम्मान उनके लिए अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का क्षण है। यह सम्मान उन्हें भविष्य में और अधिक समर्पण एवं उत्साह के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। सीमा बुंदेला के सम्मानित होने पर पुष्पा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आष्टा के प्राचार्य फादर मेल्विन सी. जे. एवं उपप्राचार्या सिस्टर सुमा ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि सीमा बुंदेला की यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है और उनके सम्मान से विद्यालय का भी गौरव बढ़ा है। सीमा बुंदेला के इस सम्मान पर विद्यालय परिवार, सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सेवा संकल्प अभियान के निमित्त जरूरतमंदों के लिए भाजयुमो के नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान



सीहोर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सीहोर के नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर गुरुवार को जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर विधायक सुदेश राय भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा,नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सीताराम यादव, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता सन्नी महाजन,युवा मोर्चा ज़िलाध्यक्ष महेंद्र र ठाकुर, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, सुशील ताम्रकार, कार्यक्रम प्रभारी दीपांशु राठौर (नट्टू) मंडल अध्यक्ष सुनील राय के द्वारा किया गया।

समस्त जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी ने रक्तदान शिविर में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता नागरिकों युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 25 वर्ष पूर्ण हो गए हैं उन्होंने हमारे जीवन को संवारा है उन्होंने भारत को शक्तिशाली राष्ट्रीय बनाया है ऐसे महान व्यक्तित्व को हम सब आज नमन कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की बधाई शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना भगवान महाकाल से की और सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक जरूरतमंद नागरिकों के लिए रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। रक्तदान शिविर के दौरान अस्पताल के डॉक्टर ब्लड बैंक के अधिकारी कर्मचारी भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।